

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

सिद्धिविनायक मंदिर ने कमाई में तोड़े सारे रिकॉर्ड


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 27 ■ गुरुवार, 3 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# जींस फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-5 स्थित औद्योगिक क्षेत्र के तानाजीनगर इलाके में सोमवार (31) आधी रात को एक जींस फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। कुछ ही क्षणों में आग से धुएं का गुबार फैल गया और पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैली क्योंकि उस क्षेत्र में एक के बाद एक कई जींस फैक्ट्रियां और गोदाम थे।

आग बहुत तेजी से फैली क्योंकि कारखानों में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील जींस का कपड़ा भरा हुआ था। उल्लेखनीय बात यह है कि फैक्ट्री के ठीक बगल में विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर की उपस्थिति के कारण जोखिम और भी बढ़ गया था। विस्फोट की संभावना को देखते हुए स्थिति और भी गंभीर हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर उल्हासनगर मनपा की दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की और आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

हालांकि, अनुमान है कि फैक्ट्रियों में लाखों रुपये मूल्य का माल व सामग्री का नुकसान हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि आग किस कारण से लगी, लेकिन प्रारंभिक जांच से शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। पूरी घटना की जांच की जा रही है तथा अग्निशमन विभाग और पुलिस अलर्ट पर है।

# प्रॉपर्टी बाजार में उथल-पुथल

## उलहासनगर के रेडीरेकनर दर में 9% की वृद्धि

## प्रॉपर्टी मार्केट में आएगा उछाल या होगी गिरावट?

- रिडेवलपमेंट का कार्य अधर में
- इमारतों का नियमितीकरण भी लटका
- सरकार छूट के बजाय कर रही बढ़ोत्तरी
- खरीद-बिक्री का गणित ध्वस्त
- दुकानों, फ्लैटों और जमीनों के बढ़ेंगे दाम



**उल्हासनगर.** राज्य सरकार ने तीन साल बाद रेडी रेकनर दर में वृद्धि की है। उल्हासनगर के निवासियों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा। इस वर्ष राज्य में औसत मूल्य वृद्धि 3.89 प्रतिशत रही है, जबकि उल्हासनगर महानगर पालिका में रिकॉर्ड 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह राज्य में दूसरी सबसे बड़ी वृद्धि है। इससे आने वाले समय में घर खरीदना और बेचना अधिक महंगा हो जाएगा। पंजीकरण एवं स्टाम्प शुल्क भी बढ़ेगा। परिणामस्वरूप, अब आम नागरिकों को घर खरीदने के लिए अधिक योजना, निवेश और उधार लेने की आवश्यकता होगी। इस वृद्धि के बाद उल्हासनगर प्रॉपर्टी मार्केट में उथल पुथल शुरू हो गई है। रेडी रेकनर की कीमतों में वृद्धि से अक्सर घरों की बिक्री कीमत में भी वृद्धि हो जाती है। चूंकि उल्हासनगर में निर्माण कार्य लगातार बढ़ रहा है, इसलिए मूल्य वृद्धि से आवास बजट में और वृद्धि होगी। मकान खरीदने के लिए बैंक से ऋण लेने वालों को अब बढ़ी हुई कीमतों के कारण अधिक उधार लेना पड़ेगा। मूल्य वृद्धि से कुछ समय के लिए बाजार में लेनदेन धीमा पड़ सकता है।

**रेडी रेकनर की संख्या में औसत वृद्धि (%)**

| | |
|---|---|
| ठाणे | 7.72 |
| मीरा-भायंदर | 6.26 |
| कल्याण-डोंबिवली | 5.84 |
| नवी मुंबई | 6.75 |
| उल्हासनगर | 9.00 |
| भिवंडी-निजामपुर | 2.50 |
| वसई-विरार | 4.50 |
| पनवेल | 4.97 |
| पिंपरी-चिंचवड़ | 6.69 |
| नासिक | 7.31 |

### नियमितीकरण अधर में

उल्हासनगर शहर में विशेष अध्यादेश के तहत जो इमारतों को नियमित करने की प्रक्रिया थी वो उल्हासनगर मनपा द्वारा लटकी हुई है। जिस कारण शहर में रिडेवलपमेंट प्रोसेस भी अधर में है। जहां एक तरफ सरकार को रेडी रेकनर में छूट देनी चाहिए उल्ट यहां पर सबसे अधिक दर लगाई गई है जिससे प्रापर्टी बाजार का गणित बिगड़ गया है। शहर में कई इमारतों को तोड़ा गया है लेकिन बनाया नहीं गया है। राज्य में हर साल पहली अप्रैल से नई रेडी रेकनर दरें लागू होती हैं। तदनुसार, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग ने रेडी रेकनर के लिए नई दरें लागू की हैं। रेडी रेकनर की दरें तैयार करते समय सीधे पंजीकृत एनआईसी द्वारा लेन-देन की जानकारी ग्राम-वार और मूल्य-विभाग-वार संकलित की गई। इसके अलावा, रियल एस्टेट व्यवसाय वेबसाइट साइट का निरीक्षण करके और क्षेत्रवार वृद्धि या गिरावट का विश्लेषण करके वास्तविक समय की जानकारी एकत्र करती है.

### संपत्ति का न्यूनतम बाजार मूल्य

रेडी रेकनर सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जारी किया जाने वाला संपत्ति के न्यूनतम बाजार मूल्य का सूचकांक है। इस प्रकार पंजीकरण एवं स्टाम्प शुल्क की गणना की जाती है। इसलिए, यह वृद्धि सीधे तौर पर लेनदेन को प्रभावित करती है। हाल ही में विकास कार्य, मेट्रो और सड़क परियोजनाओं में तेजी से वृद्धि और बाजार में संपत्तियों की मांग के कारण उल्हासनगर की रेडी रेकनर दर अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है। अगले कुछ वर्षों में उल्हासनगर निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की उम्मीद है। राज्य के पंजीयन एवं स्टाम्प शुल्क विभाग द्वारा घोषित रेडी रेकनर (वार्षिक बाजार मूल्य) दर में वृद्धि मंगलवार एक अप्रैल से लागू की गई है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य में औसत वृद्धि 3.89 प्रतिशत रही है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में औसत वृद्धि 3.36 प्रतिशत है, और महानगरपालिका क्षेत्रों में यह 5.95 प्रतिशत है.

### 75,000 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना

पंजीयन महानिरीक्षक बिनवाडे ने बताया कि इन सभी बैठकों से प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार कर उनका सत्यापन किया गया है। सूत्रों ने बताया कि एक अप्रैल से रेडी रेकनर की दर बढ़ाने के बाद अगले वित्तीय वर्ष यानी मार्च 2026 तक राज्य के खजाने को 75,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है।

# संपत्ति विवाद को लेकर कर दी पिता की हत्या

- हत्यारा बेटा अरेस्ट
- बदलापुर की घटना

उल्हास विकास संवाददाता

**बदलापुर.** बदलापुर पश्चिम पुलिस ने लिया हिरासत मेंबदलापुर में संपत्ति विवाद को लेकर एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। बेटा ने अपने पिता की हत्या धारदार हथियार से विभिन्न स्थानों पर वार कर की। पिता का नाम अनंत कराले बताया गया है और कलयुगी बेटा गणेश कराले जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया गया है कि गणेश और उसके पिता के बीच कई वर्षों से संपत्ति विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा था। आज अनंत कराले बेलावली स्थित अपनी किराये की दुकान पर आये थे। तभी गणेश भी उनके पीछे-पीछे आ गया। दोनों के बीच फिर से बहस हुई और इसी बहस के बीच गणेश ने अपने साथ लाए धारदार हथियार से अपने पिता पर वार कर उनकी हत्या कर दी। बदलापुर पश्चिम पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर गणेश को हिरासत में ले लिया है।

# उल्हासनगर मनपा शिक्षण विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ नाइंसाफी

- आखिर क्यों बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा?





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका शिक्षण विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनकी बकाया राशि की पहली किस्त का अब तक भुगतान नहीं किया गया है यह वृद्ध शिक्षकों के साथ नाइंसाफी है आखिर क्यों उनका बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है जबकि शेष सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनकी बकाया राशि की पहली किस्म प्राप्त हो चुकी है और दूसरी किस्त भी लगभग प्राप्त होने वाली है तो फिर शिक्षण विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ यह इंसाफी हो रही है। उसके लिए मनपा आयुक्त को हस्तक्षेप कर उन्हें जल्द से जल्द देने की मांग की गई है।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर मनपा के सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों की कुछ राशि बकाया होने के कारण पूर्व आयुक्त विकास ढाकणे द्वारा 50 हजार की दो किस्ते और शेष बकाया राशी तीसरी किस्त में भुगताने करने का करारनामा किया था। उस कारानामे के तहत शेष सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनकी 50 हजार की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है और दूसरी किस्त भी जल्द मिलने वाली है लेकिन शिक्षण विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षकों को अब तक पहली किस्त भी नहीं मिली है तो आखिरकार सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ नाइंसाफी हो रही है। आयुक्त जल्द से जल्द दयनीय अवस्था में चल रहे शिक्षकों को इंसाफ मिलना चाहिए। ऐसी मांग सेवानिवृत्त शिक्षकों ने की है।

## घर से पास से नाबालिग का अपहरण

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस की हद में एक 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई गई है. नाबालिग लड़के के पिता के अनुसार वह साइकिल चलाने घर से बाहर गया था, जो वापस नहीं लौटा. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी हसन मेहंदीहसन राईन, (५०) का फल विक्रेता हैं और गुलजारनगर, स्कूल क्रमांक ७० के पास, भिवंडी में रहते हैं. मंगलवार की दोपहर में 1 बजे के करीब उनका बेटा कु. अल्फैज हसन राईन (१३) सायकल चलाने के लिए घर से बाहर निकला, लेकिन वह घर वापस लौटा नहीं. उसकी सभी जगह पर खोज की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला. हसन मेहंदीहसन राईन के अनुसार उनके बच्चे को कोई बहला-फुसला कर अपहरण कर ले गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

# पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ कोर्ट में पेश

- केबल विवाद मामले में दर्ज कराया बयान
- शिवसेना शहर प्रमुख नीलेश शिंदे दिया हलफनामा
- आरोपों से किया इंकार



**कल्याण.** पूर्व भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में 2014 के राडा मामले में कल्याण कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। गणपत गायकवाड़ और शिवसेना शहर प्रमुख नीलेश शिंदे ने पुलिस द्वारा दर्ज आरोप से इनकार किया है।

पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ और नीलेश शिंदे पर केबल विवाद को लेकर पुलिस स्टेशन में बहस करने का आरोप है। हालाँकि, दोनों ने अदालत में आरोपों से इनकार किया। उस समय हम चोरी और सोने की चेन चोरी की बढ़ती घटनाओं के संबंध में पुलिस से मिलने गए थे। दोनों ने अदालत को बताया, 'वहां कोई बहस नहीं हुई।' इस मामले में गणपत गायकवाड़ ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया, जबकि नीलेश शिंदे ने हलफनामा पेश किया। इससे

कल्याण पूर्व के पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ फिलहाल तलोजा जेल में हैं। वह महेश गायकवाड़ पर गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार हैं। बुधवार को उसे अदालत में पेश किया गया और भारी पुलिस बल तैनात था। उनके साथ उनके भतीजे कुणाल पाटिल और विक्की गणात्रा भी अदालत में मौजूद थे।

### कोर्ट में रहा अफरा-तफरी का माहौल

इस बीच, पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ को अदालत में दोपहर का भोजन करने की अनुमति दी गई। हालाँकि, जब सुनवाई के बाद उन्हें वापस जेल ले जाने का प्रयास किया गया तो उनके समर्थकों ने बड़ी भीड़ लगा ली। कुछ समर्थकों ने उनका वीडियो बनाने की कोशिश की। इससे पुलिस और समर्थकों के बीच बड़ी झड़प हो गई। परिणामस्वरूप, न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

# खराब रास्ता डेढ़ वर्ष से नहीं बना

- ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग
- विकास सोमेश्वर ने मुख्याधिकारी को दिया पत्र



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के संजय नगर में गत डेढ़ वर्ष से सीमेंट कंक्रीट का रास्ता ठेकेदार बना नहीं रहा है, जिसके कारण यहां के सैकड़ों रहिवासी, बच्चे, महिलाएं, वृद्ध रास्ते के गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं. ये रास्ता 15 दिनों के भीतर बनाया नहीं गया तो आंदोलन की धमकी शिवसेना के विकास सोमेश्वर ने नपा प्रशासन को पत्र देकर की है. उन्होंने यहां के दर्जनों निवासियों के साथ बुधवार को मुख्याधिकारी से भेंट की.

सोमेश्वर का कहना है कि विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की निधि से संजय नगर में एक करोड़ 20 लाख रुपयों का कंक्रीट रास्ता यहां बनाना था. निधि नगर परिषद में जमा है. इसका टेंडर दीक्षा कंस्ट्रक्शन ने 27% बिलों में लिया है. लेकिन ठेकेदार ने अब तक सड़क निर्माण नहीं किया है. इसलिए इस ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैट लिस्ट में डालकर और ये काम किसी दूसरे ठेकेदार से 15 दिनों में कराया जाए. यहां के निवासी इब्ने हसन ने बताया कि 6 महिने पूर्व इस सड़क के गड्ढे में गिरकर उनका एक हाथ टूट गया था. कौसर खान ने बताया कि बरसात में यहां घुटनों तक पानी भर जाता है. विकास के साथ शिवसेना युवा मोर्चा के अध्यक्ष राहुल सोमेश्वर भी थे. मुख्याधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वह इसकी पूरी जांच करेंगे और रास्ता बना कर देने के लिए प्रयास करेंगे.

# उल्हासनगर के एप्पल बार में शराब की बिक्री पर रोक

- आबकारी विभाग ने फ्रीजर किया सील



**उल्हासनगर.** एप्पल बार के मालिक और किराएदार के बीच चल रहा विवाद पुलिस स्टेशन में पहुंचने के बाद मालिक ने शिकायत की कि इस बार में शराब का लाइसेंस समाप्त हो गया है, जिसके बाद आबकारी विभाग ने शराब के फ्रीजर को सील कर दिया है, और जिसके बाद उल्हासनगर में इस बार में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

यह एप्पल बार श्रीराम चौक में स्थित है और इस संपत्ति का स्वामित्व मधु तेजवानी के पास है। उन्होंने यह संपत्ति 2022 से रोहित पांडव को लीज पर दी है। लीज एग्रीमेंट 2024 में समाप्त हो गया। हालांकि, उक्त संचालक किराया नहीं दे रहा है और होटल खाली नहीं कर रहा है। इसलिए तेजवानी ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने राज्य आबकारी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी कि होटल का लाइसेंस मधु तेजवानी के नाम पर है और इसकी वैधता समाप्त हो चुकी है। तदनुसार, उल्हासनगर राज्य आबकारी विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निखिल जाधव के मार्गदर्शन में, एप्पल बार में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और होटल में फ्रीजर को सील कर दिया गया है। संपर्क करने पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निखिल जाधव ने बताया कि राज्य आबकारी विभाग शराब के मामले में संलिप्त है और लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के कारण फ्रीजर को सील कर बार में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# ईद पर दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता

- पठान भाइयों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ईद के दिन हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का उदाहरण देखने को मिला. उलन चाल निवासी फिरोज पठान और अनवर पठान ने शहर के हिंदू-मुस्लिम नेताओं को आमंत्रित करके करीम बिल्डिंग के पास एक कार्यक्रम का आयोजन करके उनको शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया. दोनों ये राष्ट्रीय एकात्मता का कार्यक्रम हर वर्ष ईद के दिन करके उनको मीठा शीर खुरमा पेश करते हैं. फिरोज का कहना है कि हिंदू मुस्लिम नेताओं को एकत्रित करके वह उनका सम्मान इसलिए करते हैं कि इन्हीं नेताओं के कारण शहर में आज तक हिंदू-मुस्लिम दंगा नहीं हुआ है. मुझे इनका सत्कार करते हुए खुशी होती है. इस राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम में मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी, शिवसेना के निखिल वालेकर, कांग्रेस के पूर्व शहराध्यक्ष प्रदीप पाटिल, जलाल शेख, यूसुफ के. शेख, पत्रकार कमर काजी, यूसुफ शेख ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अनवर पठान और फिरोज पठान को बधाई दी. इंदीन शेख और पापा सय्यद भी उपस्थित थे.

# विकास कार्यों को लेकर महायुति नेताओं और आयुक्त के बीच चर्चा

- मुफ्त पानी के टैंकर की मांग



उल्हासनगर. महायुति नेताओं ने आयुक्त मनीषा आव्हाले से मुलाकात की और मानसून से पहले शहर में विकास कार्य शुरू करने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने जल कर वृद्धि को रद्द करने तथा निःशुल्क जल टैंकर उपलब्ध कराने की भी मांग की। चर्चा में विधायक कुमार आयलानी, शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, रमेश चव्हाण, नाना बागुल, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी सहित बड़ी संख्या में महायुति के नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।

उल्हासनगर में भूमिगत सीवरेज योजना, 7 मुख्य सड़कें, एक जलापूर्ति योजना और शहरी सुविधा निधि या महानगरपालिका निधि से कई विकास कार्य चल रहे हैं. महायुति के नेताओं ने इन सभी विकास कार्यों की समीक्षा के लिए मंगलवार दोपहर आयुक्त मनीषा अव्हाले से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, महेश सुखरमानी, राजेश वढ़ारिया, शिंदे समूह महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, उप जिला अध्यक्ष अरुण आशान, रमेश चव्हाण, दिलीप गायकवाड, कलवंत सिंह सोहेता, आरपीएआई जिला अध्यक्ष नाना बागुल, स्वप्निल बागुल, राजू जग्यासी, टोनी सिरवानी, लाल पंजाबी, रामचार्ली पारवानी, शांताराम निकम आदि उपस्थित थे. उन्होंने पानी के शुल्क में वृद्धि को रद्द करने, पानी के टैंकरों पर बढ़े शुल्क को माफ करने तथा मुफ्त पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की है।

महायुति नेताओं ने आयुक्त मनीषा आव्हाले का ध्यान मानसून से पहले सड़क कांक्रीटीकरण, सड़क के गड्ढों को भरने, सड़क के डिवाइडरों का सौंदर्यीकरण करने तथा स्पीड ब्रेक पर सफेद पट्टी लगाने, हॉकर्स जोन निर्धारित करने, सीसीटीवी के लिए खोदी गई सड़कों को हटाने, सर्वे क्रमांक 188 पर डंपिंग ग्राउंड बनाने, मनपा की संपत्ति पर कब्जा कर अधिकार पत्र जारी करने, नालों की सफाई आदि कार्यों पर केंद्रित किया।

# बांगड़ी गली में शौचालय का निर्माण

- व्यापारियों की परेशानी हुई दूर



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के स्टेशन के करीब स्थित बांगड़ी गली में शौचालय खस्ता हालत में हो गया था. यहां के व्यापारियों ने पूर्व नगरसेवक अब्दुल शेख को शौचालय निर्माण करके देने की मांग की थी. शेख ने उनकी मांग को पूरा करते हुए नगर परिषद की निधि से यहां पर शौचालय का निर्माण करके दिया है. जिसका लोकार्पण शेख के हाथों हुआ है. उस समय अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल और दर्जनों व्यापारी उपस्थित थे.

अब्दुल शेख ने बताया कि बांगड़ी गली, अपना मार्केट में बना पुराना शौचालय एकदम खस्ता हो गया था. व्यापारी एवं ग्राहक इस शौचालय में जा नहीं सकते थे. उनके प्रयास से शौचालय को तोड़कर तीन शौचालय पुरुषों के लिए व तीन महिलाओं के लिए बनाए गए हैं. व्यापारियों एवं ग्राहकों के लिए यूरीनल भी बनाया गया है. महिलाओं को भी नैसर्गिक समस्या के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था. खानजी धल ने व्यापारियों की ओर से अब्दुल शेख का आभार व्यक्त किया है. व्यापारियों ने बताया कि उन्हें अब नैसर्गिक समस्या के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## हादसों से नहीं ली जा रही सीख

कि नौकरशाही को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की सिफारिशें लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर इस दिशा में किसी भी सरकार ने गंभीरता से पहल नहीं की। यह परिपाटी-सी बन गई है कि जब भी सरकार बदलती और कोई दूसरा दल सत्ता की कमान संभालता है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। हर राजनीतिक दल सत्ता संभालने के साथ ही अपने करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर पदस्थ करता और उन्हें लंबे समय तक वहां बनाए रखने का प्रयास करता है।

अब संसद की एक स्थायी समिति ने कहा है कि अधिकारियों को लंबे अरसे तक एक ही जगह पदस्थ किए रखने से भ्रष्टाचार बढ़ता है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित चालू वर्ष की अनुदान मांगों पर अपनी रपट पेश करते हुए कहा कि अधिकारियों की बारी-बारी से स्थानांतरण की प्रचलित नीति लागू की जानी चाहिए।

अधिकारी ईमानदारी से काम करें तो एक जगह रहना बेहतर

संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया कि कुछ अधिकारी आठ-नौ वर्षों से एक ही मंत्रालय में जमे हुए हैं। कुछ अधिकारियों ने अपनी तैनाती में कुछ इस तरह चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में बीता है। करीब पंद्रह वर्ष पूर्व जब अधिकारियों की थोड़े-थोड़े समय पर तबादलों की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंगुलियां उठनी शुरू हुई थीं, तब प्रशासनिक आयोग ने सिफारिश की थी कि किसी भी अधिकारी का तबादला तीन वर्ष से कम समय में न किया जाए, ताकि वे एक स्थान पर रह कर कुछ बेहतर काम कर सकें।

मगर अब इसके उलट प्रवृत्ति विकसित हुई देखी जा रही है, तो यह भी चिंता का विषय है। निस्संदेह कुछ अधिकारी ईमानदारी और संजीदगी से काम करते हैं और उनका एक जगह लंबे समय तक बने रहना लाभदायक साबित होता है। मगर संसदीय समिति की इस बात को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि एक ही जगह लंबे समय तक बने रहने वाले अधिकारी अनियमितताओं में लिप्त हो जाते हैं। अगर बारी-बारी से अधिकारियों के तबादले की नीति रही है, तो

# पेंशन व्यवस्था : निजी और सरकारी क्षेत्र का भेद मिटाना जरूरी



कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तार करने के लिए मुंबई पुलिस कमर कसे हुए है। इसका पता इससे चलता है कि जब मद्रास उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर पर सात अप्रैल तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी तो उनके खिलाफ तीन और एफआईआर दर्ज कर दी गईं। इन एफआईआर के दर्ज होने के बाद मुंबई पुलिस गत दिवस उनके आवास पर पहुंची। वह वहां नहीं थे। वह तमिलनाडु में थे।

कामरा ने मुंबई पुलिस पर तंज कसते हुए कहा कि वह अपना समय बर्बाद कर रही है, क्योंकि पुलिस जिस पते पर पहुंची, वहां वह दस वर्ष से नहीं रह रहे हैं। मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले के चलते मुंबई पुलिस पहली एफआईआर पर तो उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती, लेकिन तीन नई एफआईआर पर ऐसा कर सकती है। यदि मुंबई पुलिस नई एफआईआर के सिलसिले में उनकी तलाश तेज करती है तो वह फिर से मद्रास उच्च न्यायालय या फिर सर्वोच्च न्यायालय जा सकते हैं। इसमें उन्हें कोई समस्या इसलिए नहीं आनी, क्योंकि भाजपा-शिवसेना के विरोधी कई राजनीतिक वकील उनका साथ देने को तैयार होंगे। यह भी लगभग तय है कि यदि वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं तो उन्हें वहां से राहत भी मिल जाएगी।

अभी तक यही देखने को मिलता रहा है कि यदि किसी के खिलाफ किसी एक मामले में कई एफआईआर दर्ज होती हैं तो पीड़ित उन्हें एक साथ नत्थी करने की अपील लेकर सुप्रीम कोर्ट जाते हैं। उन्हें वहां से राहत मिल जाती है। कामरा को भी मिल जाए तो हैरानी नहीं। हैरानी इस पर होगी, यदि मुंबई पुलिस कामरा को गिरफ्तार करने पर अड़ी रहती है।

पता नहीं इसमें उसे सफलता मिलती है या नहीं। यदि मिल भी जाती है तो आसार इसी के हैं कि उन्हें शीघ्र जमानत मिल जाएगी, क्योंकि उन पर मात्र यह आरोप है कि उन्होंने एक पैरोडी गाने के जरिये शिवसेना नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अपमान किया। इससे कुपित होकर कुछ शिवसैनिकों ने एक होटल में तोड़फोड़ की, जहां कामरा ने पैरोडी गाने की रिकॉर्डिंग की थी। यह पैरोडी गाना शिंदे को नीचा दिखाने वाला था। इसे ढंग की पैरोडी कहना कठिन है, लेकिन शिवसेना और भाजपा विरोधियों का वह बहुत भाया। कुणाल कामरा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई का संज्ञान कई विदेशी समाचार माध्यमों ने भी लिया। इसके अलावा महज आठ-नौ दिनों में लाखों लोग उनके उस वीडियो को देख चुके हैं, जिसमें उन्होंने शिंदे पर निशाना साधा था। कामरा फूहड़ किस्म के उन कॉमेडियन में से हैं, जिन्हें लगता है कि किसी के खिलाफ ओछी टिप्पणी करना ही कॉमेडी है। कॉमेडी के नाम पर फूहड़ता करने वाले उनके जैसे और भी कॉमेडियन हैं। किसी दल या सरकार की ओर से ऐसे कॉमेडियनों के पीछे पड़ना एक तरह से उनका मुफ्त में प्रचार करना और खुद की फजीहत कराना ही है।

उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री रहते नागपुर के एक युवक को मुंबई पुलिस ने 17 दिन के अंदर तीन बार गिरफ्तार कर जेल भेजा, क्योंकि उसने उनके एक करीबी को पेंग्विन कह दिया था। कुणाल कामरा मामले में जैसा व्यवहार शिवसेना और महाराष्ट्र सरकार कर रही है, वैसा ही अन्य दल और उनकी सरकारें भी करती हैं।

यह बात और है कि जब यही दल इस तरह का कोई मामला विरोधी दल के शासन में देखते हैं तो वे अचानक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चैंपियन बन जाते हैं।

उद्धव ठाकरे सरकार के समय ही जब कंगना के दफ्तर के एक हिस्से को ढहाया गया था तो कई दलों के नेताओं ने इसे उचित बताने की कोशिश की थी या फिर इस कार्रवाई पर खुशी जताई थी। इनमें कुणाल कामरा भी थे। तब अभिव्यक्ति की आजादी के कथित चैंपियनों को सांप सूंघ गया था। ऐसे फर्जी चैंपियन तब भी हर्षित-मुदित हुए थे, जब चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ की एक महिला कांस्टेबल ने कंगना को थप्पड़ मारा था। अपने देश में अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार चैंपियन यह समझने को तैयार नहीं कि यह आजादी उनके लिए भी होती है, जो उनके मन मुताबिक बात नहीं करते।





सभी लोगों के लिए आध्यात्मिक प्रेम की भावनाएँ रखना एक महान गुण है, चाहे वे हमारे जानकार हों या अजनबी हों।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अमेरिका की नई धमकी से बढ़ी भारत की चिंता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शायद विश्व राजनीति में धमकी की नई परंपरा कायम करने पर तुले हैं। अब उन्होंने रूस से कच्चा तेल खरीदने वालों को धमकाया है कि जो ऐसा करेगा, वह अमेरिका में कारोबार नहीं कर पाएगा। ऐसे देशों पर पच्चीस से पचास फीसद तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की दिशा में न तो रूस और न ही यूक्रेन ने अपेक्षित सहयोग का रुख दिखाया है। इससे ट्रंप निराश हैं।

पिछले महीने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बुला कर ट्रंप ने कड़े शब्दों में फटकार लगाई थी। यूक्रेन को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर रोक लगा दी गई है। इससे उम्मीद बनी थी कि रूस, अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मान जाएगा, मगर उसने अपनी शर्त रख दी कि सभी नाटो देश यूक्रेन को सैन्य मदद और गोपनीय सूचनाओं पर रोक लगाएं, तभी वह युद्ध विराम पर विचार कर सकता है। यह अमेरिका के लिए कठिन ही नहीं, शायद कभी पूरी न हो सकने वाली शर्त है। ऐसे में ट्रंप ने अब रूस पर नकेल कसने का रास्ता चुना है। मगर यह रास्ता भी उनके लिए कितना आसान और कारगर साबित होगा, कहना मुश्किल है।

अमेरिका की नई धमकी से भारत की चिंता जरूर कुछ बढ़ गई है, क्योंकि सचमुच अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की तेल कंपनियों के लिए रूस से तेल खरीदना मुश्किल हो जाएगा। अभी भारत सबसे अधिक कच्चा तेल रूस से खरीदता है। पहले ईरान और खाड़ी देशों से खरीदता था, मगर अमेरिकी प्रतिबंध के बाद भारतीय तेल कंपनियों ने वहां से तेल खरीदना बंद करके रूस से खरीदना



शुरू कर दिया था। इस तरह कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से महंगाई तेजी से बढ़ेगी, जिसका अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

हालांकि भारतीय तेल कंपनियां अभी समझ नहीं पा रही हैं कि अमेरिका का अतिरिक्त शुल्क लगाने का ढांचा क्या होगा, इसलिए वे इसे अधिक चिंता का विषय नहीं मान रही हैं, पर जिस तरह पहले ही पारस्परिक शुल्क नीति के तहत अमेरिका ने भारी शुल्क थोप दिए हैं, उससे भारत के लिए संतुलन बिठाना कठिन हो रहा है। यह नया शुल्क और परेशान करने वाला साबित हो सकता है।

मगर ट्रंप प्रशासन के लिए भी अपनी शुल्क नीति पर लंबे समय तक कायम रह पाना कठिन होगा। इसे लेकर अमेरिका में ही विरोध हो रहा है। इसलिए कि पारस्परिक शुल्क के चलते अमेरिकी कारोबार पर भी बुरा असर पड़ सकता है। जिन चीजों के लिए अमेरिका दूसरे देशों पर निर्भर है, उनकी कीमतें बढ़ेंगी, तो वहां भी महंगाई बढ़ेगी। ऐसे में अमेरिकी लोगों का विरोध लंबे समय तक सहन कर पाना ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। वहां के मध्यावधि चुनाव में ट्रंप की पार्टी के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिर यह भी कि ट्रंप के नए ऐलान से रूस कितने दबाव में आ पाएगा, कहना मुश्किल है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ जैसा व्यवहार ट्रंप ने किया, उससे ज्यादातर पश्चिमी देश नाराज हैं। इसलिए रूस-यूक्रेन संघर्ष रुकवाने का उनका दावा कमजोर पड़ता जा रहा है। दोनों देशों के बीच चल रहा संघर्ष निश्चित रूप से रुकना चाहिए, यह दुनिया की बेहतरी के लिए बहुत जरूरी है। मगर धौंस और धमकी के सहारे ऐसा हो पाना शायद ही संभव हो, इसके और उलझने की आशंका बनी रहेगी।

# दुनिया की सबसे महंगी मशरूम

क्या आप बाजार में कभी सब्जी खरीदने गए हैं? अगर हां, तो महज 1000 रुपये झोला भर के सब्जियां खरीद लाए होंगे. इससे महंगी सब्जी शायद ही कोई खरीदता होगा. लेकिन क्या आपने कभी 40,000 की कोई सब्जी खरीदी

## जरा हट के

है? जी हां, सही सुना आपने शाही जायका और अनमोल खजाना, जिसकी कीमत सुनकर बड़े-बड़े अमीर भी सोच में पड़ जाएं, ऐसी है हिमालय की ऊंची-पहाड़ियों और बर्फ से ढके जंगलों में होने वाली गुच्छी मशरूम. इस स्वादिष्ट फफूंदी को दुनिया की सबसे महंगी मशरूम में गिना जाता है, जिसकी कीमत 40,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक है. लेकिन ये मशरूम इतनी महंगी क्यों है चलिए हम आपको बताते हैं.

गुच्छी मशरूम, जिसे वैज्ञानिक भाषा में Morchella esculenta कहा जाता है, किसी भी आम मशरूम की तरह उगाई नहीं जा सकती. यह सिर्फ जंगली इलाकों में प्राकृतिक रूप से उगती है. जो कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में यह



विशेष रूप से पाई जाती है. इतना ही नहीं ये मशरूम केवल सर्दियों या बसंत के मौसम में जब बर्फ पिघलने लगती है तब ही उगती है. इसे ढूंढना आसान नहीं होता. यह घने जंगलों में, पत्तों और मिट्टी के नीचे छिपी होती है, इसे खोजते समय लगता है कि आप किसी खजाने को ढूंढ रहे हैं. यही कारण है कि इसे ढूंढने के लिए स्थानीय ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों के लोग हफ्तों तक जंगलों में घूमते हैं.

### जंगलों की गोद में छिपा अनमोल खजाना

इनका सफर सिर्फ कठिन नहीं, बल्कि खतरनाक भी होता है. हिमालय के दुर्गम इलाकों में घंटों पैदल चलकर, ऊँची-नीची पहाड़ियों को पार कर, और घने जंगलों के बीच मशरूम की तलाश करनी पड़ती है. कई बार इस सफर में जंगली जानवरों जैसे भालू और तेंदुओं से भी सामना हो सकता है. गुच्छी मशरूम को सही समय पर खोज निकालना भी एक चुनौती है. अगर ज्यादा नमी हो जाए तो ये खराब हो जाती है, और अगर पर्याप्त नमी न मिले तो उगती ही नहीं. इसके अलावा, इस मशरूम को तोड़ने के बाद इसे सूरज की रोशनी में सूखाना पड़ता है ताकि इसकी क्वालिटी बनी रहे.

# साबूदाना खिचड़ी

खाना-खजाना

व्रत के लिए आसान और स्वादिष्ट रेसिपी है साबूदाना खिचड़ी। यह व्रत के दौरान खाने के लिए बहुत ही पॉपुलर और हेल्दी होती है।

## सामग्री :

- साबूदाना- 1 कप
- आलू (उबला हुआ)- 2 मीडियम साइज के
- जीरा- 1 छोटी चम्मच
- हरी मिर्च (कटी हुई)- 2
- अदरक (कद्दूकस किया हुआ)- 1 छोटी चम्मच
- हरा धनिया (कटा हुआ)- 2 बड़े चम्मच
- काली मिर्च- स्वाद अनुसार
- सेंधा नमक- स्वाद अनुसार
- घी- 2 बड़े चम्मच
  नींबू- 1 (जूस)

## विधि :

साबूदाना को अच्छे से धोकर, पानी में 4-5 घंटे के लिए भिगो दें। फिर साबूदाना का पानी अच्छे से छान लें, ताकि वह न ज्यादा गीला हो और न सूखा। आलू को उबाल कर अच्छे से मैश कर लें।

एक कढ़ाई में घी गरम करें। उसमें जीरा डालकर चटकने दें। फिर हरी मिर्च और अदरक डालकर कुछ सेकेंड्स के लिए भूनें। अब उबले हुए आलू डालें और अच्छे से मिला लें। इसके बाद इसमें साबूदाना डालें, सेंधा नमक, काली मिर्च डालकर अच्छे से मिला लें। 5-7 मिनट तक इसे धीमी आंच पर पकने दें। समय-समय पर चलाते रहें, ताकि साबूदाना



जलने न पाए। आखिरी में नींबू का रस और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिला लें। गरमा-गरम साबूदाना खिचड़ी तैयार है।

इसे दही या चाय के साथ खा सकते हैं।

# पोषक तत्वों का खजाना है लाल चावल

हमारे यहां कई वैराइटी के चावल उपजाए जाते हैं. भारत तो चावल उपजाने में माहिर है. हालांकि अधिकांश चावल में कार्बोहाइड्रैट की मात्रा ज्यादा होती है. इसलिए शुगर वाले लोग चावल को कम खाते हैं. लेकिन लाल चावल इन सबसे उपर है. लाल चावल में फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स की उच्च मात्रा होती है. हमारे यहां ब्राउन राइस और ब्लैक राइस की तो चर्चा की जाती है लेकिन रेड राइस की चर्चा बहुत कम होती है लेकिन रेड राइस में हार्ट डिजीज और ब्लड शुगर से लेकर कई बीमारियों पर ब्रेक लगाने की शक्ति होती है. इससे शरीर को जबर्दस्त ताकत मिलती है.

लाल चावल में अन्य चावल के मुकाबले बहुत अधिक प्रोटीन होता है. हेल्थलाइन ने रिसर्च के हवाले से बताया है कि इसमें सघन पोषक तत्व और प्लांट कंपाउड होता है जो ज्यादा पिग्मेंटेड होते हैं. इसमें फाइबर भी बहुत होता है. लाल चावल में एंथोसाइनिन, एपीजेनिन, माइरासेटिन, क्विरसेटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कई बीमारियों के लिए दुश्मन है. रिसर्च के मुताबिक ये सारे तत्व कोशिकाओं से फ्री रेडिकल्स को निकालकर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करता है. इससे कैंसर सहित हार्ट डिजीज, डायबिटीज जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है.

## कई बीमारियों के लिए काल

लाल चावल खाने से शरीर में इंफ्लामेशन को खत्म करता है.



इंफ्लामेशन के कारण सेल्स में सूजन होने लगती है जो कैंसर, गठिया, ज्वाइंट पेन, डायबिटीज और हार्ट डिजीज सहित कई बीमारियों का कारण है. इसका मतलब हुआ कि इससे शुगर, बीपी, गठिया जैसी बीमारियों का जोखिम भी कम होगा. ऐसे में अगर आप नियमित लाल चावल का सेवन करेंगे तो इन घातक बीमारियों के जोखिम से दूर रहेंगे. लाल चावल में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है और इसमें स्टार्च भी खूब होता है. इसलिए यह पेट को अंदर से साफ करने में फायदेमंद है. लाल चावल का सेवन करेंगे तो इससे हड्डियां फौलाद बन जाएगी. लाल चावल में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम होता है जो सांस संबंधी दिक्कतों को दूर करने के लिए जरूरी है. इसलिए लाल चावल अस्थमा मरीजों के लिए भी बहुत लाभकारी है.

## त्वचा में लाता है निखार

लाल चावल का सेवन करने से स्किन में ग्लोनेस आ सकता है. लाल चावल में जो एंटीऑक्सीडेंट एंथोसाइनिन होता है वहस्किन को अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाता है. यह स्किन को समय से पहले बूढ़ी होने से रोकता है. इस तरह लाल चावल का सेवन कर सुंदरता बढ़ाई जा सकती है.

## वजन कम करने में सहायक

जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उन्हें लाल चावल खाना चाहिए. लाल चावल पेट के लिए रामबाण है. यह पाचन शक्ति को बढ़ाकर मेटाबोलिज्म को बूस्ट करता है. इससे एनर्जी की खपत ज्यादा होती है और शरीर में अतिरिक्त कैलोरी का दहन होता है. ऐसे में लाल चावल खाने के बाद भूख का अहसास कम होता है और इससे वजन पर लगाम लगता है.

# आज का राशिफल

**मेष** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृषभ** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** : कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कर्क** : तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। थकान रह सकती है। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह** : चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या** : किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला** : स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक** : रोमांस में सफलता मिलेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** : विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**मकर** : मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ** : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# गर्मियों में जरूर खाएं ये 7 फल

- **रहेंगे एनर्जेटिक, शरीर में नहीं होगी पानी की कमी**
- **लू, डिहाइड्रेशन से भी होगा बचाव**



गर्मी अब धीरे-धीरे अपना रंग दिखाना शुरू कर दी है. इस मौसम में चिलचिलाती धूप, थकान, उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल रहता है. घर से बाहर निकलने का मन नहीं करता है, लेकिन काम है तो जाना भी पड़ेगा. ऐसे में धूप में निकलने से काफी लोगों को डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है. इससे शरीर में पानी की कमी, लो एनर्जी लेवल, सुस्ती आदि हो सकती है. ऐसे में आप इन समस्याओं से बचे रहना चाहते हैं तो गर्मियों में मिलने वाले इन फलों का भरपूर सेवन करें.

**तरबूज** गर्मियों में खूब मिलता है. हर कोई इसे खाना पसंद करते हैं. इसमें लगभग 92 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखता है. यह शरीर की गर्मी को दूर करता है. एनर्जी बूस्ट करने में भी मदद करता है. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन ए, सी और पोटैशियम मांसपेशियों की थकान दूर करने में सहायक होते हैं.

**खरबूजा** फल भी खूब खाया जाता है. शरीर को ये कूल रखता है. इसमें भी पानी की मात्रा खूब पाई जाती है. यह जल्दी पचने वाला एक हल्का फल है. पाचन के लिए ये बेहद फायदेमंद होता है. इसमें भरपूर मात्रा में पानी, विटामिन ए और विटामिन सी मौजूद होते हैं, जो शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं. त्वचा को चमकदार बनाते हैं.

**आम** का इंतजार हर किसी को इस मौसम में बेसब्री से रहता है. आम को फलों का राजा कहा जाता है. यह स्वाद में लाजवाब होता है, बल्कि यह पोषण से भी भरपूर होता है. इसमें विटामिन ए, सी, ई पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करते हैं. आम खाने से शरीर में ग्लूकोज का स्तर बढ़ता है, जिससे तुरंत एनर्जी मिलती है. ऐसे में जिन्हें डायबिटीज है उन्हें आम के सेवन से परहेज करना चाहिए.

**लीची** भी आम की ही तरह खूब खाई जाती है. यह बेहद ही रसीली और स्वादिष्ट होती है. इसमें नेचुरल शर्करा और विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं. लीची न सिर्फ शरीर को तरोताजा रखती है, बल्कि गर्मी के कारण होने वाली थकान को भी दूर करती है.

**पपीता** भी आप गर्मियों में खा सकते हैं. इसे एक सुपरफूड फल माना जाता है. पेट के लिए यह बहुत ही हेल्दी फल है. इसमें फाइबर, विटामिन ए, सी और ई पाए जाते हैं, जो पाचन को दुरुस्त रखते हैं. इस फल को खाते ही शरीर में एनर्जी आ जाती है. पपीता खाने से पेट हल्का रहता है. शरीर में ताजगी बनी रहती है.

**नारियल पानी** भी गर्मियों में पीना हेल्दी है. इससे शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट की कमी नहीं होती है. शरीर ठंडा रहता है. नारियल का गूदा भी फाइबर और हेल्दी फैट्स से भरपूर होता है, जिससे एनर्जी बनी रहती है.

**संतरा** और **मौसंबी** जैसे खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं. इनमें मौजूद प्राकृतिक शर्करा तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है. गर्मियों में शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाती है.

# अमृत समान है तुलसी

हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा बेहद पवित्र माना गया है और अधिकतर घरों में यह पौधा लगाया जाता है. तुलसी के पौधे की नियमित रूप से पूजा भी की जाती है. आयुर्वेद के जानकारों की मानें तो तुलसी का पौधा धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सेहत के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण होता है. तुलसी के पत्ते और बीजों का इस्तेमाल कई शारीरिक समस्याओं से निजात पाने में किया जाता है. तुलसी के पौधे में औषधीय गुणों का भंडार होता है और यह वातावरण को शुद्ध रखने में मदद करता है. तुलसी का पौधा न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि कई बीमारियों से बचाव में भी कारगर साबित हो सकता है.

तुलसी का पौधा युर्वेद में अमृत तुल्य पौधा माना गया है. तुलसी के औषधीय गुणों पर कई शोध हुए हैं और यह सिद्ध हुआ है कि इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो सेहत को कई तरीकों से फायदा पहुंचाते हैं. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार तुलसी के पत्तों में यूजेनॉल, एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनोइड्स पाए जाते हैं, जो दिल की बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं. इसके अलावा यह तनाव कम करने, ब्लड शुगर लेवल



नियंत्रित रखने और पाचन को बेहतर बनाने में भी सहायक होता है.

तुलसी को इम्यूनिटी के लिए भी बेहद लाभकारी माना जाता है. तुलसी में मौजूद तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं. तुलसी के पत्ते रोजाना खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से बचाव होता है. तुलसी का सेवन शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन के स्तर को नियंत्रित करता है, जिससे मेंटल हेल्थ बूस्ट हो जाती है. कई रिसर्च में पाया गया है कि तुलसी का सेवन ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित कर सकता है, जिससे डायबिटीज रोगियों को राहत मिलती है. तुलसी का रस त्वचा की समस्याओं को दूर करता है और बालों को मजबूत बनाता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हॉस्टल में बायोटेक की छात्रा ने लगाई फांसी, यूनिवर्सिटी बंद

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हॉस्टल में बायोटेक की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा की मौत की जानकारी मिलते ही किसी बवाल की आशंका में यूनिवर्सिटी को बंद कर दिया गया है। जौनपुर के ही जलालपुर की रहने वाली छात्रा यहां के रानी लक्ष्मी बाई हॉस्टल में रहती थी। इसी साल 25 नवंबर को उसकी शादी होने वाली थी। फांसी लगाने से पहले वह अपने मंगेतर से ही फोन पर बात कर रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कौस्तुभ ने बताया कि जलालपुर थाना क्षेत्र के कोतवालपुर गांव की निवासी शिवांगी (22) लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास के कमरा नंबर 35 में रह रही थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दरवाजा तोड़ने पर पाया कि वह पंखे पर दुपट्टे से बने फंदे में लटकी हुई थी। शिवांगी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लखनऊ में नकली सलमान खान गिरफ्तार

**लखनऊ.** लखनऊ में पुलिस ने नकली सलमान खान को गिरफ्तार किया है। सआदतगंज चौपटियाबेग निवासी आजम अली अंसारी खुद को सलमान खान के अंदाज में असलहा लेकर घंटाघर पर रील बना रहा था। उसे देखने के लिए भीड़ जुटी हुई थी और इससे ट्रैफिक जाम हो रहा था। भीड़ बढ़ने पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने उसे असलहा के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि सआदतगंज चौपटियाबेग निवासी आजम अली अंसारी उर्फ नकली समलान खान को ट्रैफिक जाम लगाने की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को आजम अली घंटाघर के पास बीच सड़क लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर रील बना रहा था। इसकी वजह से यातायात में बाधा पड़ी। कुछ लोगों ने आजम को रास्ते से हटने के लिए कहा। यह बात उसे पसंद नहीं आई। वह उग्र होकर गाली गलौज करते हुए असलहा दिखाकर धमकाने लगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि उसके रिवॉल्वर का लाइसेंस निरस्त करने की भी संस्तुति की गई है।

### कुटटू के खराब आटे ने बरपाया कहर, सैकड़ों की तबीयत खराब; 3 गिरफ्तार

**सहारनपुर.** नवरात्र में कुट्टू का आटा खाना से दूसरे दिन भी जिले भर में 20 से अधिक लोगों की हालत बिगड़ी है। सोमवार को भी 100 से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई थी। वहीं, सहारनपुर से देहरादून सप्लाई हुए कुट्टू का आटा खाने से भी सैकड़ों लोगों की तबियत खराब हो चुकी है। मामले में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने भी संज्ञान लिया था, जिसके बाद से सहारनपुर में पुलिस-प्रशासन और खाद्य विभाग की टीमें ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। कई जगहों से हजारों किलो कुट्टू का आटा जब्त भी किया जा चुका है और जांच को सैंपल भी भेजे गए हैं।

### कार में खून से लथपथ मिला आबकारी इंस्पेक्टर का शव, कनपटी पर लगी थी गोली

**सीतापुर.** यूपी के सीतापुर में आबकारी इंस्पेक्टर आलोक श्रीवास्तव की कार के अंदर खून से लथपथ लाश मिली है। उनकी कनपटी पर गोली लगी थी। कार में ही लाइसेंसी रिवाल्वर भी मिली है। ऐसे में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। इंस्पेक्टर की इन दिनों बांदा में तैनाती थी। उनकी पत्नी भी सहायक आबकारी आयुक्त हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र में वैदेही वाटिका के निकट खड़ी कार में आबकारी इंस्पेक्टर की लाश को सबसे पहले बेटे और उनकी पारिवारिक महिला मित्र ने देखा।

# वक्फ बिल को लेकर UP में पुलिस अलर्ट

## मथुरा, आगरा और लखनऊ के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बढ़ी सुरक्षा

**लखनऊ.** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा वक्फ संशोधन बिल पेश किया। इस बिल को लेकर यूपी के कई जिलों में अलर्ट किया गया है। मथुरा, आगरा और लखनऊ में विशेषकर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में पुलिस बल को अलर्ट कर दिया गया है। इसके प्रदेश के कई जिलों में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चौकसी बढ़ी। उधर, डीजीपी के आदेश के बाद सभी पुलिसकर्मियों के अवकाश भी निरस्त कर दिए गए हैं।

बताते चलें कि केंद्र सरकार वक्फ बिल में कुछ संशोधन कर उसे लोकसभा में पास करने की तैयारी कर रही है। वक्फ संशोधन बिल को लोकसभा में भाजपा सरकार पास करने को बुधवार को बिल पेश कर रही है। डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने पुलिसकर्मियों के अवकाश निरस्त कर वापस बुलाया है।



### मथुरा में मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल तैनात

मथुरा जिले भर में पुलिस बल को अलर्ट कर दिया है। विशेषकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस बल भ्रमण कर रही है। डीग गेट, मटिया गेट, भरतपुर गेट, चौक बाजार, दरेसी रोड पर पुलिस बल भ्रमणशील है। सीओ सिटी भूषण वर्मा, इंस्पेक्टर गोविंदनगर कमलेश सिंह, कोतवाली प्रभारी देव पाल सिंह पुंडीर पुलिस टीम के साथ भ्रमण कर रहे हैं।

### लखनऊ में बढ़ी चौकसी

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर लखनऊ में पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।पुलिस ने लखनऊ के 11 संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाई गई।सभी स्थान पुराने लखनऊ के हैं।विधानभवन के आसपास विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए. गाड़ियां लगाई हैं। पुराने लखनऊ में सतखंडा, रूमी गेट, चौक समेत कई स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी। आरएएफ, एसएसबी, पीएसी ने रूट मार्च किया।

### आगरा में ड्रोन से निगरानी

आगरा में जामा मस्जिद के आसपास पुलिस और पीएसी की तैनाती की गई है। पुलिस ने कई जगह बैरियर लगाए गए हैं। सुबह से कई जगहों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में खास नजर है। ड्रोन से सभी क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। पाबंदी चार लोग से ज्यादा कहीं खड़े होने पर लगाई गई है।पुलिस सोशल मीडिया पर भी खास तौर से नजर रखेगी।

# वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में आतिशबाजी



- **आरिफ मसूद बोले- बिल से एक वर्ग को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा**

**भोपाल.** संसद में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा हुई. बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए जहां बिल का समर्थन कर रहा है, वहीं कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इसके विरोध में हैं।

मध्यप्रदेश के भोपाल में इस बिल के समर्थन में मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। आनंदपुरा और कोकता इलाके में बुर्का पहनी मुस्लिम महिलाएं हाथों में गुलाब थामे थीं। वे 'थैंक्यू, मोदी जी' और 'वी सपोर्ट मोदी जी' लिखी तख्तियां लिए थीं। भोपाल के हथाई खेड़ा डैम के पास भी जश्न मनाया गया।

वहीं, विधायक मसूद ने कहा, एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि कलेक्टर को जिम्मेदार बनाया जा रहा है। वही कलेक्टर जिसने हमारे कब्रिस्तानों को सरकारी घोषित किया हुआ है। हम इसके खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लड़ रहे हैं। हमारे पास 1959 के 41 और 1947 के दस्तावेज हैं, जो यह साबित करते हैं कि यह वक्फ की संपत्ति है, लेकिन कलेक्टर इसे सरकारी संपत्ति बता रहा है।

# आपके वो दिन लद गए, जब वीटो लगाते थे

- **मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को रविशंकर प्रसाद ने खूब सुनाया**

**नई दिल्लोी** .लकसभा में सरकार ने बुधवार को वक्फ संशोधन विधयेक, 2025 पेश किया। बीजेपी की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने जोरदार तरीके से बिल का समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ के पास आठ लाख संपत्ति है, जिसमें कब्रिस्तान, मस्जिद शामिल हैं। आखिर वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर कितने स्कूल, अस्पताल बने, कितने स्किल सेंटर, अनाथालय खुले? कितने बेटियों, बहनों, विधवा को सिलाई-कढ़ाई सिखाई गई? रविशंकर ने पिछले दिनों नीतीश कुमार के इफ्तार पार्टी से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बहिष्कार का भी मुद्दा उठाते हुए दो टूक कहा कि आपके



वो दिन लद गए, जब वीटो लगाते थे।

बिल पर चर्चा के दौरान रविशंकर प्रसाद ने कहा, "विपक्ष की परेशानी की वजह है। वे दिल से कहते हैं कि संशोधन हो, लेकिन राजनीतिक मजबूरी इनके कदम पीछे खींचती है। बहुत सालों से राग-सुर-भाषा वही है। मैं एक उदाहरण देता हूं, शाह बानो के केस में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि उनको कुछ रुपये मिले तो फैसले पर हो-हल्ला किया गया। उस समय राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, बहुत हंगामा खड़ा किया।" ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ के बारे में कहते हुए प्रसाद ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक की सुनवाई चल रही थी, तब उसने कहा कि आप फैसला मत करिए। हम एक निकाहनामा बनाएंगे कि निकाह करते हुए तीन तलाक नहीं दोगी, यह शर्त रखेंगे। कानून जब बना तो मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसका देशभर में विरोध किया।

### 'वक्फ की संपति की लूट हो और हम खामोश रहें?'

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि मुस्लिम जमात के आदर्श कौन होंगे? क्या वोटों की दलाली करने वाले लोग होंगे? अगर यह है तो देश को स्वीकार नहीं होगा। कांग्रेस कहां थी, कहां चली आई, यह देख ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष को कहना चाहता हूं कि कुछ तो दिल में झाकिएं। वक्फ की संपत्ति की लूट हो और हम खामोश रहें? इसको सख्त करना बहुत जरूरी है।

# अखिलेश बोले- BJP एक अध्यक्ष नहीं चुन पा रही

**नई दिल्ली.** लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी (SP) प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में हो रही देरी पर तंज किया। अखिलेश ने कहा- भाजपा में एक मुकाबला चल रहा है कि कौन बड़ा है। जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। यह तय नहीं कर पा रही है कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा।

इस पर गृह मंत्री अमित शाह अपनी सीट से उठे और हंसते हुए कहा- सामने जितनी पार्टियां हैं, उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष सिर्फ 5 लोगों को चुनना है, परिवार को। हमारे यहां करोड़ों लोग हैं। समय तो लगेगा ही।

अखिलेश जी ने यह बात हंसते हुए कही, इस वजह से मैं भी हंसते हुए कह रहा हूं। आपके (अखिलेश के) यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कहता हूं आप 25 साल तक अध्यक्ष हो.. जाओ..।

**उल्हासनगर महानगरपालिका**
**मालमत्ता कर विभाग**
मुख्य कार्यालय, तळमजला, उल्हासनगर-421003 जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र
Tel No:- 95251-2720116/125 Ext.No 238 Fax No.-95251-2720104
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**(महाराष्ट्र इमारतींवर कर (मोठ्या निवासी जार्गासह) (पुन्हा अधिनियम करणे) अधिनियम 1971 मधील कलम 10 (1))**

**जाहीर नोटीस**

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील मोठ्या निवासी जागा असलेल्या इमारती व त्यांचे करयोग्य मूल्य दर्शविणारे वर्ष 2025-2026 करीताचे कर आकारणी पुस्तक मालमत्ता कर विभागात कार्यालयीन वेळेत पाहण्यासाठी ठेवण्यात आले आहे. सदर पुस्तकात समाविष्ट करण्यात आलेल्या मोठ्या निवासी जागांचे मालक किंवा ताबेदार असलेल्या प्रत्येक व्यक्तीस आणि अशा व्यक्तीच्या कोणत्याही प्रतिनिधीस सदर पुस्तकाची तपासणी करण्याची मुभा आहे. कर आकारणी पुस्तकात नमुद केलेले करयोग्य मुल्य, आकारणी किंवा इतर नोंदी यासंबंधी मोठ्या निवासी जागेचे मालक किंवा ताबेदार यांच्या हरकती किंवा तक्रारी असतील तर अशा मालक किंवा ताबेदारास किंवा मालकाच्या किंवा ताबेदाराच्या प्रतिनिधीने हरकती किंवा तक्रारी, कारणांसह दिनांक 23/4/2025 पर्यंत खाली सही करणार यांचे नावे उल्हासनगर महानगरपालिका मालमत्ता कर विभागात लेखी पाठवाव्यात.

**विशेष सुचना**

(1) मोठ्या निवासी जागेवरील कर आकारणी विरुध्द केलेला तक्रारी अर्ज संबंधीत कर आकारणी प्राधिकरण कार्यालयात पोहोचला याबद्दल लेखी पावती जरुरी आहे. पाठविलेला अर्ज कर आकारणी प्राधिकरण कार्यालयात न पाहोचल्यास त्याची जबाबदारी कर आकारणी प्राधिकरण कार्यालयावर राहणार नाही.
(2) प्रत्येक मोठया निवासी जागेवरील कराबाबत स्वतंत्र अर्ज करावयास पाहिजे. ज्या मोठ्या जागेवरील कराबाबत तक्रारी अर्ज करावयाचा असेल त्या मोठ्या निवासी जागेचे वर्णन विशेषतः सिटी सर्व्हे नंबर, प्रभाग क्रमांक, घर नंबर, ठिकाणी रस्त्याचे नाव वगैरे व आकारणी प्राधिकरणाने ठरविलेले करयोग्य मुल्य इ. माहिती अर्जात नमुद केली पाहिजे.
(3) वरील कर हा ज्या निवासी जागेचे चटई क्षेत्र 150 चौ. मीटर पेक्षा जास्त व ज्यांचे करयोग्य मुल्य रु. 1500/- पेक्षा अधिक आहे, अशा फक्त निवासी जागांना हा कर त्यांच्या करयोग्य मुल्याच्या परीणाम दर एवढस 10 टक्के दराने लागु आहे.
(4) अर्जामध्ये मालमत्ता क्रमांकाची नोंद आवश्यक असुन प्रत्येक मालमत्तांसदर्भात स्वतंत्रपणे तक्रार/ हरकती अर्ज सादर करणे आवश्यक आहे.

**टिप :- नागरिकांना त्यांचे मालमत्तेसंदर्भात हरकत / आक्षेप नसल्यास कर बिलाची प्राप्ती तसेच भरणा करणेकामी महानगरपालिका संकेतस्थळ www.ume.gov.in येथे पर्याय उपलब्ध आहे.**

दिनांक : 2/4/2025
जा.क्र. उमपा/पीआरओ/07/2025

सही/-
**(मनिषा आव्हाळे)** भा.प्र.से.
प्रशासक तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

# कुणाल कामरा को तीसरा समन

- **5 अप्रैल को बुलाया**
- **पहले 2 समन में पेश नहीं हुए;**
- **मद्रास हाईकोर्ट से ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिल चुकी**

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी CM एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को 2 समन भेज चुकी है।

इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए।



उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी।

इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था – 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा-

आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं – या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं।

कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था। इसके खिलाफ मुंबई के खार थाने में FIR दर्ज की है। इसी केस में पुलिस ने उन्हें तीसरा समन भेजा है। इससे पहले 31 मार्च को मुंबई पुलिस कामरा के शिवाजी पार्क स्थित घर पहुंची थी।

# लालू की तबीयत बिगड़ी

**पटना.** RJD सुप्रीमो लालू यादव की तबीयत बीते 2 दिनों से बिगड़ गई है। ब्लड शुगर बढ़ने की खबर है। ऐसा बताया जा रहा है कि शुगर बढ़ने के चलते एक पुराने जख्म से लालू की तकलीफ बढ़ गई है।

राबड़ी आवास पर लालू का इलाज कर रहे डॉक्टर ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी है। बुधवार यानी आज शाम 4 बजकर 5 मिनट पर एयर इंडिया की फ्लाइट (AI 408) से लालू यादव इलाज के लिए दिल्ली जा सकते हैं।

उनके साथ राजद सुप्रीमो के छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी दिल्ली जाएंगे। लालू यादव की बेटी मीसा भारती मंगलवार से दिल्ली में ही हैं।

26 मार्च, यानी 7 दिन पहले ही



लालू यादव गर्दनीबाग में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन में शामिल हुए थे। वे तेजस्वी के साथ प्रदर्शन में पहुंचे थे।

उन्होंने कहा था- 'गलत हो रहा है। सरकार को देखना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। नीतीश कुमार उन लोगों के साथ हैं, वो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं। जनता सब समझ रही है।'

बीते 10 साल में 3 ऑपरेशन

बीते सालों में लालू प्रसाद यादव के तीन बड़े ऑपरेशन हो चुके हैं। 76 साल के लालू की 13 सिंतबर 2024 को मुंबई के एशियन हार्ट अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। उन्हें एक स्टेंट लगा है।

# यशस्वी जायसवाल ने मुंबई से तोड़ा नाता



- **नई टीम की जॉइन**
- **मिल सकती है कप्तानी**

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने करियर से जुड़ा एक बड़ा फैसला किया है। यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। वे मुंबई के लिए काफी समय तक खेले हैं, लेकिन अब यशस्वी जायसवाल ने अपने नए घर की तलाश की है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिए खेलना चाहते हैं, जहां उनको कप्तानी की जिम्मेदारी भी मिलने वाली है। एमसीए ने यशस्वी जायसवाल के गोवा जाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

यशस्वी जायसवाल 2025-26 सत्र में गोवा के लिए खेलते नजर आएंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, ''यह हैरानी की बात है। उन्होंने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उन्होंने हमसे कहा कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए और हमने उनका अनुरोध मान लिया।'' जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। उन्होंने चार और 26 रन बनाए, जबकि मुंबई को टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर से पांच विकेट से हार मिली।

गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पीटीआई से कहा, ''वह हमारे लिए खेलना चाहते हैं और हम उनका स्वागत करते हैं। वह अगले सत्र से हमारे लिए खेलेंगे।'' भारतीय टीम के लिए नहीं खेलने के समय जायसवाल गोवा की कप्तानी भी कर सकते हैं। इस बारे में पूछने पर देसाई ने कहा, ''हां, ऐसा हो सकता है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं और वह हमारे कप्तान हो सकते हैं। उनकी उपलब्धता को देखते हुए हम इस पर बात करेंगे।''

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

- **दोनों पर 14-14 लाख का इनाम था**
- **एक SLR और एक भरमार बंदूक मिली**

**मंडला.** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, इसमें दो महिला नक्सली मारी गई हैं। फिलहाल, इनकी पहचान नहीं की जा सकी है।

मुठभेड़ बुधवार सुबह करीब 10 बजे बिछिया थाना क्षेत्र के मुंडिदादर और गन्हेरिदादर के जंगल में हुई। सर्चिंग के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट और दैनिक जरूरत का सामान मिला है। सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे हैं।

पुलिस के मुताबिक, मारी गई नक्सलियों में से एक छत्तीसगढ़



और दूसरी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की रहने वाली है। दोनों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

### बालाघाट में मार गिराई थीं चार महिला नक्सली

इससे पहले 19 फरवरी को बालाघाट के गढ़ी थाना इलाके में हुई मुठभेड़ में चार महिला नक्सली मारी गई थी। ये सभी कान्हा भोरमदेव एबी डिवीजन खटिया मोर्चा दलम की सदस्य थी। इनमें से एक आशा पर 14 लाख का इनाम था।

## उत्तर भारत में गर्मी मचाने वाली तांडव

**नई दिल्ली.** उत्तर भारत में गर्मी का कहर बढ़ने वाला है। अगले सात दिनों में गर्मी का तांडव दिखने वाला है। उत्तर भारत में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। इसके अलावा, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश, आंधी तूफान व बिजली कड़कने की चेतावनी जारी की गई है। दो से छह अप्रैल के बीच दक्षिण भारत में भारी बारिश होगी। हीटवेव की बात करें तो सौराष्ट्र और कच्छ में अगले सात दिनों तक इसका कहर देखने को मिलेगा। वहीं, पश्चिमी राजस्थान में सात और आठ अप्रैल को हीटवेव चलने वाली है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, इंटीरियर कर्नाटक, तमिलनाडु में तेज हवाएं चलीं। वहीं, तमिलनाडु में भारी बरसात हुई। इसके अलावा, मध्य महाराष्ट्र में ओले गिरे। सौराष्ट्र और कच्छ में हीटवेव रिकॉर्ड की गई।

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
**प्रभाग समिती क्र 3 सहायक आयुक्त यांचे कार्यालय**
महानगरपालिका शाळा क्र.14, मिलींद नगर, उल्हासनगर-4, दूरध्वनी क्र-2720193
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**जा क्र उमपा/प्रसक्र-3/03/2025** — **दिनांक : 02/04/2025**

**नोटीस**
(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)
उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र.3 चे हददीत खालील नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेसाठी प्रस्ताव झालेला आहे.

| अ.क्र | अर्जदाराचे नाव | ठिकाण | झाडाची जात | अंदाजे उंची | अंदाजे वृक्षाचे वय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुलभा ग. गायकवाड, मा. आमदार 142 कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र | वसीटा कॉलनी, बरैक नं. 1249 जवळ, रुम नं.5. शिवनगर कॉलनी, भारत पेट्रॉल पंप जवळ, उल्हासनगर- 421004 | पिंपळ | अंदाजे 25 फुट उंची | 15 वर्ष |
| 2 | श्री. सुरेंद्र बाळकृष्णा सावंत | बॅरेक नं. 1338/1, मराठा सेक्श्न, उल्हासनगर- 421004 | जंगली | अंदाजे 12 फुट उंची | 5 वर्ष |
| | | | जंगली | अंदाजे 7 फुट उंची | 3 वर्ष |
| | | | जंगली | अंदाजे 5 फुट उंची | वर्ष |

तसेच सदर ठिकाणी संबंधित मुकादमाने झाडाची पाहणी अहवाल तयार करुन पंचनामा सादर केलेला आहे. याबाबत आपली हरकत असल्यास लेखी स्वरुपात दि. 07/04/2025 रोजी पूर्वी सहा-आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.3 मिलींद नगर, मनपा शाळा क्र. 14, उल्हासनगर-4 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबंधितास सुनावणी घेवुन अंतिम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/09/2025
दिनांकः- 02/04/2025

सही/-
**(सलोनी निवकर)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहा आयुक्त
प्रभाग समिती क्र 3
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### युवक ने किया महिला का विनयभंग



**भिवंडी.** महिला के भाई के साथ मारपीट करने पर जब महिला आरोपी से पूछने गई तो उसने महिला के साथ भी गालीगलौज करते हुए उसका विनयभंग किया.

नारपोली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता शबाना इसरार पठाण (३४) (निवासी घर नं. ५८/१, स्टार होटल के पीछे, सिध्दीक पटेल कंपाउंड, धामणकरनाका, भिवंडी) के अनुसार आरोपी निसार उर्फ कावा ने उसके भाई मो. सद्दाम शेख का मोबाइल छीनकर उसके साथ मस्ती कर रहा था. मोबाइल वापस मांगने पर आरोपी ने मोहम्मद सद्दाम को थप्पड़ जड़ दिया. कुछ देर बाद आरोपीगण शिकायतकर्ता के घर के पास आये और सद्दाम को गालियां देने लगे। जब शिकायतकर्ता उससे पूछने गई तो आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज की और उसका विनयभंग किया.

# MNS कार्यकर्ताओं ने शिवसेना का बोर्ड फाड़ा

- इसमें राज ठाकरे से पूछा था-क्या आपके विचार शुद्ध
- ठाकरे ने गंगा की शुद्धता पर सवाल उठाए थे




**मुंबई.** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) प्रमुख राज ठाकरे के कुंभ मेले में गंगा जल की शुद्धता पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि यह कैसा धर्म है, अगर हम अपने प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर रहे हैं।

इस पर शिवसेना ने मंगलवार को राज ठाकरे के घर के पास एक बड़ा बिलबोर्ड लगाया था। इस बोर्ड पर लिखा था कि गंगा का जल शुद्ध है, पर क्या आपके विचार शुद्ध हैं।

बुधवार सुबह MNS कार्यकर्ता बिलबोर्ड को हटाने पहुंचे। उन्होंने बिल बोर्ड वहां से हटाकर फाड़ दिया। इस दौरान उन्होंने राज ठाकरे के पक्ष में नारेबाजी भी की।

दरअसल, ये पोस्टर शिवसेना (शिंदे गुट) के दादर से नेता सदा सरवणकर के बेटे समाधान सरवणकर की ओर से लगाया गया था।

बिल बोर्ड में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और कुंभ मेले के शिवसैनिकों की तस्वीर लगाई गई थी। साथ ही इस पर लिखा गया था कि यह (कुंभ) हिंदुओं के लिए एकता का क्षण था।

ठाकरे बोले थे- हमें नदियों की फिक्र नहीं, औरंगजेब की कब्र की चिंता कर रहे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के प्रमुख राज ठाकरे ने 30 मार्च को औरंगजेब कब्र विवाद की निंदा की थी। राज ने कहा कि लोग वॉट्सऐप पर फॉरवर्ड मैसेज से इतिहास न पढ़ें, सोशल मीडिया से नहीं, विश्वसनीय जगहों से इतिहास पढ़ें।

उन्होंने कहा, ₹इतिहास के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा है, राजनेता इन मुद्दों को हवा दे रहे हैं ताकि विवाद को बढ़ाकर फायदा उठाया जा सके। हमें नदियों और पेड़ों की चिंता नहीं है, हम औरंगजेब की कब्र की फिक्र कर रहे हैं।₹

# सिद्धिविनायक मंदिर ने कमाई में तोड़े सारे रिकॉर्ड



- सालाना आय पहुंची 133 करोड़

**मुंबई.** मुंबई का प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक कमाई को लेकर चर्चा में है। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंदिर की कुल आय 133 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) की तुलना में 16% अधिक है।

मंदिर की कमाई में सबसे बड़ा योगदान श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे का रहा। इसके अलावा, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से 20 करोड़ की आय हुई। मंदिर को विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होती है, जिनमें दान पेटियां, ऑनलाइन भुगतान, धार्मिक अनुष्ठान, प्रसाद बिक्री और सोना-चांदी की नीलामी शामिल हैं। ट्रस्ट के एक अधिकारी के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले लड्डू और नारियल वड़ी की बिक्री में 32% की वृद्धि दर्ज की गई। मंदिर प्रशासन रोजाना करीब 10,000 लड्डू भक्तों को वितरित करता है।

### गुड़ी पड़वा पर सोना-चांदी से रिकॉर्ड कमाई

ट्रस्ट के अनुसार, इस वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर सोना-चांदी की नीलामी से रिकॉर्ड 1.33 करोड़ की कमाई हुई, जो पिछले वर्ष के 75 लाख की तुलना में लगभग दोगुनी है। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीणा पाटिल ने बताया कि मंदिर में भक्तों की बढ़ती संख्या और प्रशासनिक सुधारों के कारण आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में मंदिर की कुल आय 154 करोड़ तक पहुंच सकती है।

### दान का समाज कल्याण में उपयोग

मंदिर ट्रस्ट अपनी आय का 20% सामाजिक कल्याण कार्यों पर खर्च करता है। इसमें मेडिकल सहायता, डायलिसिस सेंटर का संचालन, 18 प्रकार की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की आर्थिक सहायता जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट कॉलेज के छात्रों के लिए बुक बैंक सुविधा प्रदान करता है .

# महाराष्ट्र में ई-बाइक टैक्सी नीति को मिली मंजूरी

**मुंबई.** प्रदेश में इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी पर नीति को केबिनेट से मंजूरी मिल गई। इससे शहरी क्षेत्रों में 15 किलोमीटर तक सफर करने वाले एकल यात्री को लाभ मिलेगा।




प्रदेश के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा कि इन इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी में आगे व पीछे की सीट के बीच एक विभाजन के साथ ही बारिश से बचाव के लिए एक रूफ कवर लगाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी इस पर नीति को केबिनेट से मंजूरी मिली है और उससे संबंधित राजस्व मॉडल की घोषणा भी जल्दी की जाएगी।

सरनाइक ने बताया कि सुरक्षा व किफायती किराया दरें सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा बाइक टैक्सी के लिए ऑटो रिक्शा चालकों व टैक्सी चालकों के बच्चे आवेदन कर सकते हैं जिन्हें 10 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से मुंबई में ही 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी 10 हजार लोगों के लाभान्वित होने की संभावना है।

सरनाइक ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि यदि अभी कोई व्यक्ति अपने परिवहन पर 100 रुपये खर्च कर रहा है तो बाइक टैक्सी से वो 30 से 40 रुपये में ही अपने गंतव्य तक पहुंच जाए। साथ ही यह प्रदूषण मुक्त महाराष्ट्र की ओर भी पहला कदम होगा।

### घर से 57 हजार के सोने के गहने चोरी

**भिवंडी.** अंजुरफाटा के चर्नीपाड़ा में रहने वाली महिला ने 57 हजार रुपए के सोने के गहने चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई है. शांति एवेन्यु, चर्णीपाडा, अंजुरफाटा, भिवंडी निवासी उषा शिवकुमार भगत (३६) ने नारपोली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि आरोपी तनिषा शिवकुमार भगत (१८) और मोहम्मद कैफ खान, (२०) ने मिलकर उनके घर में रखे लोहे के कपाट से 57 हजार रुपए कीमत के सोने के गहने चुरा लिए.

# भिवंडी मनपा से अब घर बैठे दर्ज कराएं शिकायत

**भिवंडी मनपा ने उपलब्ध कराया क्यूआर कोड** | **लांच की वेबसाइट grp.bncmc.gov.in**




**भिवंडी.** वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करते समय भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर ने आश्वासन दिया था कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली के दृष्टिकोण से पारदर्शी एवं गतिशील प्रशासन लागू किया जाएगा.इसी को ध्यान में रखते हुए महानगर पालिका ने आज एक कदम आगे बढ़ाया है.महानगर पालिका ने क्यूआर कोड बनाकर शहर के नागरिकों को घर बैठे शिकायत दर्ज कराने तथा जिस कार्यालय में शिकायत लंबित है, उसकी समीक्षा करने के लिए उपलब्ध करा दिया है.इसके लिए मनपा ने grp.bncmc.gov.in वेबसाइट भी लांच की है.

100 दिवसीय कार्ययोजना कार्यक्रम के अंतर्गत मनपा ने नागरिकों की सुविधा के लिए 'ईजी लिविंग' शीर्षक से स्मार्ट शिकायत निवारण प्रणाली बनाई है.तदनुसार, मनपा द्वारा जारी क्यूआर कोड स्टिकर सभी मनपा कार्यालयों के बाहर चिपकाए जाएंगे.नागरिकों को केवल एक बार क्यूआर कोड स्कैन करके अपना पंजीकरण कराना होगा.प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर ने बताया कि, शिकायत से संबंधित विभाग का चयन करें और उस विभाग के संबंध में शिकायत दर्ज करें. इससे नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी. शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज की गई शिकायत का फॉलोअप किया जाएगा और यदि संबंधित अधिकारी 7 दिनों के भीतर शिकायत का समाधान नहीं करता है, तो शिकायत को कमांड सिस्टम के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा।.उन्होंने कहा कि आयुक्त स्वयं हर सप्ताह इसकी समीक्षा करेंगे तथा जिस अधिकारी के पास शिकायत एक माह से अधिक समय तक लंबित रहेगी, उसके खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. जागरूक नागरिकों की माने तो प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर द्वारा जनहित में लिए गए दूरगामी निर्णय से भिवंडीकरों को आसानी एवं समय से न्याय मिलने की आस प्रबल हो गई है.

# उद्योग राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक ने MIDC का किया निरीक्षण

**ठाणे.** जिले के टीटीसी औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे सर्वे 97/1में अनधिकृत निर्माण के विषय में विधान परिषद सदस्य धीरज लिंगडे और निरजंन डावखरे ने चल रहे सत्र में मुद्दा उठाया था।जिसको लेकर उद्योग राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक ने स्वयं अवैध निर्माण स्थल पर पहुचकर निरीक्षण किया।इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य धीरज लिंगड़े, निरंजन डावखरे, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी अभियंता आर.सी. राठोड, मुख्य अभियंता प्रकाश चव्हाण, क्षेत्रीय अधिकारी महेंद्र पटेल, प्रांत अधिकारी उर्मिला पाटिल,मनपा उपायुक्त मनीष जोशी, तहसीलदार उमेश पाटिल, उप तहसीलदार दिनेश पैठणकर, भूमि अभिलेख और वन विभाग के अधिकारी, बोर्ड अधिकारी आदि उपस्थित थे। उद्योग राज्यमंत्री इंद्रनील नाईक ने टीटीसी औद्योगिक क्षेत्र के मौजे शील में एमआईडीसी के सर्वे क्रमांक 97/1 और 97 के साथ ही शील, खरडी, खान कंपाउंड, महापे रोड में अनधिकृत निर्माण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की और इस संबंध में शिकायतों के संबंध में क्या कानूनी उपाय किए जा सकते हैं इसकी समीक्षा की।राज्यमंत्री नाईक ने कहा कि महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल, राजस्व, वन विभाग, मनपा, भूमि अभिलेख विभाग संयुक्त रूप से यथाशीघ्र अनाधिकृत निर्माण के वास्तविक क्षेत्र की माप करें, सीमाएं तय करें तथा अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिया निर्देश।

### आम सूचना

मैं श्रीमती मंगला दिलीप जगताप सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 684, रुम नं. 1, बालकनजी बारी के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 26बीओ004565300) उक्त प्रॉपर्टी श्री नंदलाल उत्तमचंद भाटिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.4.2022 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मंगला दिलीप जगताप**

### आम सूचना

मैं श्रीमती दृष्टि नारायण रुपराज सभी को सूचित कर रही हूं कि टैरेस फ्लैट, 401, चौथा माला, साई आत्मा अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय018213700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चंदरी विशनदास लोहाना (होल्डर) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 17.6.2024 सी.नं.895 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती दृष्टि नारायण रुपराज**

### आम सूचना

मैं श्री यतेंद्र भगवान सिंह सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम व शॉप, बैरक नं. ए-287 के सामने, राहुल नगर, संभाजी चौक, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009079000 व 40सीओ009194400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मधुलता भगवान सिंह के नाम पर है। उनसे गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 31.3.2025 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री यतेंद्र भगवान सिंह**

### आम सूचना

हम श्रीमती निलिमा प्रदीप हाती व श्री किशोर प्रदीप हाती सभी को सूचित कर रहे हैं कि 1+1, टीजी, रूम नं. एम/6, श्रीकृष्णा कालोनी, ब्राह्मणपाडा, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय010878200) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्यामसुंदर जनार्दन अभयंकार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 24.3.2025 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती निलिमा प्रदीप हाती**
**व श्री किशोर प्रदीप हाती**






### आम सूचना

मैं श्री मोहम्मद इसरार मोहम्मद मुतुर्जा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ग्राऊंड + पहला माला, वीर तानाजी नगर, बैरक नं. 1892 के सामने, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 58डीओ012320100) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय सिंह रामबाबू सिंह के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 31.3.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहम्मद इसरार मोहम्मद मुतुर्जा**

### आम सूचना

मैं श्री आकाश ओमप्रकाश मौर्या सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 3, बैरक नं. 244 के पास, पार्ट नं. 136, शीट नं. 70, सेक्शन 7 ए, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 16एआय019498500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेखा राजेश सिंग के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.7.2024 सी.नं. 780/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री आकाश ओमप्रकाश मौर्या**

### आम सूचना

हम श्री मुकेश भगवान सिंह व श्रीमती मधू मुकेश सिंह सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, बैरक नं. ए-287, राहुल नगर, संभाजी चौक, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009194400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मधुलता भगवान सिंह के नाम पर है। उनसे गिफ्ट एग्रीमेंट 31.3.2025 द्वारा हमने प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुकेश भगवान सिंह व**
**श्रीमती मधू मुकेश सिंह**





THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985

نوجیون کو آپریٹو بنک لمیٹیڈ

**NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.**

**Head Office:**
**Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.**
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

**SERVICES AVAILABLE**

**Features and Services of Bank**

- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

**Upcoming Service**

**Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099